तापमान

अधिकतम 38 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 20 अप्रैल 2026



10 मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की राह



10 पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का किया स्वागत

**खबर संक्षेप**

### डिवाइडर से टकरा पलटी कार, बाल-बाल बचे युवक

**जींद।** जींद में भिवानी रोड पर सड़क के बीचोंबीच एक मारुति कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार सभी पांचों युवक सकुशल रहे। काफी काफी देर तक कार सड़क के बीच पलटी रही। जिसमें पहिये ऊपर की तरफ हो गए और छत नीचे की तरफ हो गई। यह एक संयोग रहा कि कार में सवार सभी पांच युवक बाल-बाल बच गए। ये युवक एक शादी समारोह को अटेंड कर जींद की तरफ वापस लौट रहे थे। पूरा दिन यह घटना का चर्चा का विषय बनी रही।

### विधायक करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन आज

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री 20 अप्रैल को उचाना हलके के नगूरां, अलेवा एवं खांडा गांव में विकास कार्यों के उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वो कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। विधायक के निजी सचिव अशोक कुमार ने बताया कि इससे पहले उचाना हलके के कई गांवों में 18 अप्रैल को 5.32 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया था। उचाना विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

### सीएससी में घुसकर किया दुकानदार को घायल

**जींद।** जाट कालेज की दुकानों में चलाई जा रही सीएससी में हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम नगर कालोनी निवासी संजय ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जाट कॉलेज की दुकानों में सीएससी खोली हुई है। हर दिन की तरह वह अपना काम कर रहा था। 17 अप्रैल को सायं नवीन उर्फ जीतू, अमर, रोहिल, राज, कमल ने तेजधार हथियार से दुकान पर आकर हमला कर दिया।

### धोखाधड़ी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** एटीएम बदल कर लोगों से धोखाधड़ी करने के दो आरोपितों को एवीटी स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से 30 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस दोनों से धोखाधड़ी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि जुलाना निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पैसे निकालने को एटीएम में गया था।

### अवैध कब्जे करने पर नपा सचिव ने करवाया केस दर्ज

**जींद।** सफीदों नगर पालिका द्वारा एचडीएफसी बैंक के सामने नहर की पटरी के पास पिछले दिनों गली का निर्माण किया था। अब कुछ लोगों ने गली को उखाड़ कर अवैध कब्जे कर लिए। शहर थाना पुलिस सफीदों नपा सचिव की शिकायत पर चार के खिलाफ अवैध कब्जे करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना सफीदों को दी शिकायत में नपा के सचिव आशीष ने बताया कि पिछले दिनों बैंक के सामने नहर पटरी के पास गली का निर्माण करवाया गया था।

### घर से लाखों के जेवरात चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव दुमाडा में एक महिला के घर से लाखों के जेवरात चोरी हो गए। मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने महिला के सगे भाई के खिलाफ ही चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में दुमाड़ा निवासी पूनम ने बताया कि उसकी शादी दुमाड़ा में हुई है। उसका भाई संदीप रोहतक के गांव निदाना से उसके घर आया था और रात को खाना खाने के बाद वहीं सो गया। जब वह सुबह उठी तो उसका भाई घर पर नहीं था।

---

### गर्मी के मौसम को देखते जिला प्रशासन ने जारी की स्वास्थ्य एडवाइजरी, डीसी ने की सावधानी बरतने की अपील

# लगातार बढ़ रही गर्मी से आमजन बेहाल

### दोपहर को बेवजह बाहर न निकलें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार बढ़ रहा तापमान अब आमजन को परेशान करने लगा है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा। जबकि हवा की गति 14 किलोमीटर व मौसम में आद्रता दस प्रतिशत बनी रही। रविवार को छुट्टी का दिन होने व गरम हवाएं चलने के चलते लोग घरों में ही दुबके रहे। पूरा दिन गरम हवाएं बहने तथा गर्मी अधिक होने के चलते सड़कें भी सुनसान नजर आई। लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस तपती गर्मी और लू से खुद को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतें। बढ़ता पारा स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर के समय बेवजह घरों से बाहर न निकलें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में लू लगने के कारण शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के प्रति अधिक सावधानी बरतने की जरूरत होती है। चिकित्सकों की सलाह है कि गर्मी के मौसम में प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पीते रहें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर का तापमान सामान्य बना रहे। दिन के सबसे गर्म समय यानी दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर जाने से परहेज करें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो तो सिर को छातेए टोपी या गमछे से ढक कर निकलें और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। खानपान में बासी भोजन और तली भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए। जबकि छाछ, नींबू पानी और ओआरएस के घोल का सेवन अमृत समान है। किसी भी सूरत में बच्चों या बुजुर्गों को बंद खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। क्योंकि इससे जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है।

### जींद-कैथल की सड़कें दिनभर रहीं सुनसान



जींद। दिन के समय सुनसान नजर आ रही हुडा मार्केट। *फोटो :हरिभूमि*

**ओआरएस का घोल या पानी पिलाएं**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखें तो उन्हें तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। शरीर को ठंडे पानी की पट्टियों से पोंछें और यदि व्यक्ति होश में होए तो उसे ओआरएस का घोल या पानी पिलाएं। हालत में सुधार न होने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से संपर्क करें।

## मौसम जनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

### गर्मी से अभी राहत मिलने के आसार फिलहाल कम नजर आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जैसे-जैसे अप्रैल का महीना आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे गर्मी ने अपना असर तेज करना शुरू कर दिया है। दिन के समय तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। सुबह 10 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा छाने लगता है और लोग जरूरी काम भी शाम के समय करना ही बेहतर समझ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में गर्मी से राहत मिलने के आसार फिलहाल कम नजर आ रहे हैं। बढ़ती गर्मी का असर केवल लोगों की दिनचर्या पर ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आती है। शरीर में पानी की कमी होने से थकान, सूखा मुंह, पेशाब कम आना और चक्कर आने जैसी शिकायतें बढ़ जाती हैं। इसके अलावा दूषित पानी और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट संबंधी बीमारियां भी तेजी से फैलती हैं।



राजौंद। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दोपहर के समय सुनसान पड़ी सड़कें।

**खानपान का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी**

ऐसे में साफ-सफाई और खानपान का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में खुद को सुरक्षित रखने के लिए कुछ जरूरी सावधानियां अपनानी चाहिए। घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलने से बचें। अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और फल जैसे तरबूज, खरबूजा आदि का सेवन करना फायदेमंद रहता है। इसके साथ ही बासी और खुले में रखे खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। गांवों और शहरों दोनों जगहों पर गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां खेतों में काम करने वाले किसानों और मजदूरों को तेज धूप में काम करना पड़ रहा है, वहीं शहरों में दफ्तरों और बाजारों में आने-जाने वाले लोग भी गर्मी से परेशान हैं। बिजली की बढ़ती मांग के कारण कई जगहों पर कटौती की समस्या भी सामने आ रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि लोग मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या में बदलाव करें और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

---

## तालाब की मिट्टी धंसने से भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड एक में तालाब की मिट्टी धंसने से एक भैंस की मौत हो गई। वार्ड एक निवासी राकेश ने बताया कि वह पशुपालन कर अपना और अपने परिवार का पेट पालता है। एक साल पहले मुर्राह नस्ल की ढाई लाख रुपये की भैंस लेकर आया था। 17 अप्रैल को वह रोजाना की तरह वह भैंस को तालाब में पानी पिलाने गया था। अचानक तालाब की मिट्टी गिर गई। एकदम हुई आवाज से कटड़ी डरकर भाग गई। वह कटड़ी को छोड़ कर आया तो भैंस तालाब में नही मिली तो उसने आस पास के गांवों में भी भैंस की तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। 18 अप्रैल को तालाब पर गए लोगों ने देखा की भैंस मिट्टी के नीचे दबी हुई है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने राकेश को दी। राकेश ने जब मौके पर जाकर देखा तो भैंस की मौत हो गई थी। राकेश ने आरोप लगाया कि तालाब सौंदर्यीकरण के कारण भैंस की मौत हुई है।



क्योंकि तालाब के चारों ओर लगभग 20 फीट तक खड़ी मिट्टी लगाई गई। एक सप्ताह बाद ही मिट्टी गिरने लग गई थी। मिट्टी से लगातार खतरा बन रहा है। राकेश और ग्रामीणों ने मांग की है कि उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए ताकि उसका गुजर बसर कर हो सके।

## पेट्रोल पंप पर ई-रिक्शा चालकों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के न्यू करनाल रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा हंगामा कर दिया। इस दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने पंप पर सीमेंट के ब्लॉक पेट्रोल पंप पर फेंक दिए। इस दौरान पंप कर्मियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ई-रिक्शा चालक अपनी ई-रिक्शा छोड़कर फरार हो गए। इस घटना के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने पंप मालिक की शिकायत पर ई-रिक्शा चालकों व पंप कर्मियों को थाने में बुलाया। विवाद के कुछ समय के बाद ही दोनों पक्षों में समझौता हो गया। यह था पूरा मामलाः रविवार दोपहर 2 बजे ई-रिक्शा चालक पंप के सामने सवारी बैठाने के लिए खड़े कर रहे थे। पंप कर्मचारियों ने उन्हें वहां वाहन खड़ा करने से मना किया और रास्ता खाली रखने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एक चालक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद कई चालकों ने मिलकर सड़क पर पड़े सीमेंट के ब्लॉक उठाकर पंप की ओर फेंकने शुरू कर दिए। हालांकि ब्लॉक भारी होने के कारण मशीनों तक नहीं पहुंच पाए और कर्मचारी भी पीछे हट गए, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना के दौरान कर्मचारियों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम के पहुंचते ही सभी चालक अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पंप मालिक युद्धवीर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा चालक अक्सर पंप के सामने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे ग्राहकों को परेशानी होती है और कई बार विवाद भी हो जाता है। सिविल लाइन थाना एसएचओ रामनिवास ने बताया कि विवाद के बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई थी। दोनों पक्षों को थाने में बुलाया गया था। इस दौरान किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत नहीं दी और दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।



कैथल। आटो चालकों के हंगामे को लेकर न्यू करनाल रोड पर पहुंची पुलिस।

## पूर्व उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त से ऐंठे 5 लाख

- विजिलेंस के नाम पर झूठे केस में फंसा कर रकम वसूलने का रैकेट आया सामने

हरिभूमि नयूज ▶▶| कैथल

कैथल में सरकारी अधिकारियों को झूठे केस में विजिलेंस में फंसा कर उनसे लाखों रुपए की मोटी रकम ऐंठने के एक रैकेट सामने आया है। इस संबंध में चीका पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कैथल के पूर्व उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डा. दिनेश काजल की शिकायत पर दर्ज किया गया है। डा. दिनेश काजल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर 2024 को आबकारी एवं कराधान कार्यालय कैथल से तहसीलदार गुहला को उनके द्वारा एक पत्र भेजा था जिसमें वर्ष 2019-20 के एक लाइसेंसी ठेकेदार धर्मपाल एंड कंपनी से विभाग को करीब 7 करोड़ 80 लाख की बकाया वसूली को लेकर उसके गारंटर रिशिपाल निवासी गुहला की भूमि को अटैक करते हुए सरकार के पक्ष में राजस्व करवाने के आदेश दिए गए थे। पूरी कार्यवाही विभागीय नियमानुसार की थी। इसके बाद शिकायतकर्ता द्वारा उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से 29 जनवरी 2025 को एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला में एफआइआर नंबर तीन दर्ज करवा दी तथा टीम द्वारा उसी दिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर लगाए गए सभी आरोप निराधार एवं तथ्यहीन है क्योंकि यह शिकायत दुर्भावनावस की गई थी। उसने बताया कि जमानत पर आने के बाद उसने 8 जुलाई 2024 को जेल में उसके साथ बंद एक व्यक्ति पीटर उसके संपर्क में आया। पीटर ने उसे बताया कि रिशिपाल और गुरविंदर उससे बातचीत करना चाहते हैं। इस पर उसने बातचीत करने से इनकार कर दिया तथा कहा कि यदि कोई बात करनी है तो वे उसके दोस्त विजेंद्र से कर सकते हैं। इसके बाद पीटर एवं विजेंद्र की बातचीत रिशिपाल और गुरविंदर से हुई। विजेंद्र सिंह ने उसे बताया कि इन व्यक्तियों द्वारा एक आपराधिक मांग रखी गई है जिसमें आप द्वारा जो भूमि अटैक की गई थी उसको छुड़वाने के बदले मुझसे 5 लाख की मांग की गई है। आरोपियों द्वारा उसके ऊपर दबाव बनाया गया। इसके अलावा उसे 500000 की अवैध वसूली पहले ही की जा चुकी है।

**मामले की जांच जारी**

चीका थाना के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक प्रभात ने बताया कि पुलिस ने रविंदर अरोड़ा उर्फ जंगी, रिशिपाल, गुरविंदर, पीटर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों की सड़कों पर किए अतिक्रमण हटाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- स्टिल्ट फ्लोर पर किए गए अवैध कब्जा या निर्माण के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीटीपी मनीष

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने आवासीय भूखंडों के लिए लागू स्टिल्ट प्लस फोर मंजिला नीति पर रोक लगा दी है। यह आदेश गत दो अप्रैल को जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि इन आदेशों की पालना में हरियाणा के नगर एवं ग्रामीण योजना विभाग द्वारा जिला की अनुमोदित कालोनियों की सड़कों के साथ लगते क्षेत्रों में किए गए सभी प्रकार के लॉन, लैंड स्केपिंग और बाउंड्री वॉल के अवैध कब्जों को तुरंत हटाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही स्टिल्ट फ्लोर पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध उपयोग, कब्जा या निर्माण के खिलाफ भी तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। जिला नगर योजनाकार ने सभी कॉलोनाइजर, डेवलप्र, भूखंड व भवन मालिकों और अन्य संबंधित लोगों से अपील की है कि वे लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों की सड़कों पर किए गए अतिक्रमण तुरंत हटा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्टिल्ट फ्लोर का उपयोग केवल स्वीकृत नक्शे के अनुसार ही किया जाए। किसी भी तरह का गलत उपयोग या अवैध निर्माण तुरंत बंद कर उसे सही स्थिति में लाया जाए। डीटीपी मनीष दहिया ने चेतावनी दी कि यदि इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो विभाग द्वारा कानून के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

### बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें देती रही जगह-जगह दस्तक,फोटोग्राफर, ब्यूटी पार्लर, हलवाई को नहीं थी फुर्सत

## अक्षय तृतीया पर्व पर जींद में 150 से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे

- जेवर, कार, बाइक, इलेक्ट्रानिक उत्पाद और कपड़े की खरीददारी करते नजर आए ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का खास महत्व माना गया है। अक्षय तृतीया का त्योहार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है और इस दिन सोना, चांदी, कार, बाइक, इलेक्ट्रानिक उत्पाद और कपड़े की खरीददारी को शुभ माना जाता है। इसके अलावा अक्षय तृतीय अबुझ मुर्हुत होता है। जिसके चलते इस दिन होने वाले विवाह को बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में रविवार को अक्षय तृतीया पर्व पर जिलाभर में 150 से अधिक जोड़े विवाह बंधन बंधे। वहीं बाजार में दुकानदार भी काफी उत्साहित थे। छुट्टी के बावजूद बाजार में स्वर्ण व चांदी के आभूषणों की जमकर खरीददारी हुई। अक्षय तृतीया पर्व पर जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रही। मान्यता है कि अक्षय तृतीय एक अबुझ मुहुर्त होता है और यह दिन विवाह के लिए उत्तम माना गया है। ऐसे में लोगों ने विवाहों को लेकर बाजारों में कई दिन पहले ही खरीददारी शुरू कर दी थी। रविवार को अक्षय तृतीय पर्व पर विवाह समारोहों की भी धूम रही। शादियों को लेकर शहर के बैंक्वट हाल, होटल और धर्मशालाएं बुक रही और इनमें बुकिंग भी डे एंड नाइट की रही। जिन लोगों को जगह उपलब्ध नहीं हुई उन्होंने गलियों या पार्कों में ही टैंट लगा कर शादी की। विवाह समारोहों को लेकर फोटोग्राफर, टैक्सी चालकों, हलवाई सहित तमाम विवाह से जुड़े कारोबारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं थी। अक्षय तृतीया की आड में बाल विवाह न हों, इसे लेकर जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम जगह-जगह दस्तक देती रही। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई थी जो हर सूचना पर कार्रवाई कर रही थी। बाल विवाह रोकने के लिए जिले के सामुदायिक केंद्र, वेंकेट हॉल, मैरिज पेलेस, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को पहले ही आगाह कर दिया गया था। विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात भी अपने पास रखने के लिए कहा गया था।



जींद। विवाह समारोह में जांच करते टीम। *फोटो :हरिभूमि*

**जीवन में हर्षोल्लास लाता है पर्व**

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया पर मानना है कि इस दिन सोने में निवेश करना हमेशा के लिए सौभाग्य और कभी न घटने वाली संपत्ति का वादा करता है। मान्यता है कि इस दिन स्वर्ण खरीदना विशेष रूप से समृद्धिदायी होता है। वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। अक्षय तृतीया के दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धनपति कुबेर की पूजा करते हैं।

### नशा तस्कर से 1.900 किलो ग्राम गांजा फुल पत्ती बरामद

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा 2 नशा तस्करो को काबू किया गया, जिनके कब्जे से 1 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती व 5 हजार ड्रगमनी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम गश्त के दौरान गांव उरलाना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई की खरका निवासी अमरजीत राम गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता है, जिसको जींद के रेवर निवासी टिंकू गांजा सप्लाई करता है। जो आज टिंकू अपनी गाड़ी में उरलाना घग्घर पुल के पास नशीला पदार्थ की डिलीवरी अमरजीत को देने आएगा। जिन्हे दबिश देकर काबू किया जा सकता है। सूचना टीम ने उक्त जगह दबिश दी। मौके पर लाल रंग की कार और एक बाइक के पास खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों को काबू किया गया।

## खबर संक्षेप

### बराह कलां में मनाई भगवान परशुराम जयंती

**जींद।** अक्षय तृतिया के उपलक्ष में वराहा भगवान की पवित्र स्थली गांव बराह कलां में भगवान परशुराम जयंती धुमधाम से मनाई गई। ग्राम पंचायत बराह कलां व युवा मंडल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में तमाम ग्रामीणों ने शिरकत कर भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर मंगल कामनाए की। इस अवसर पर गांव के सरपंच सुरेश गौतम, पूर्व सरपंच अजीत सिंह राणा, पूर्व सरपंच राजकुमार, नंबरदार राकेश गौतम, जयभगवान ठेकेदार, ओम प्रकाश, प्रिता सहित युवा मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### सद्भाव यात्रा को मिला लोगों को जनसमर्थन

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा अंतिम चरण में है। यात्रा अक्टूबर में शुरू हुई थी जो निरंतर जारी है। पूरे प्रदेश में सदभाव का संदेश लेकर पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह निकले है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में ये यात्रा चल रही है। कांग्रेस के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष एवं दूसरे राज्यों के विधायक, सांसद भी इस यात्रा को समर्थन देने पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जब बृजेंद्र सिंह की दिल्ली में मुलाकात हुई तो यात्रा की तारीफ की। अब इस यात्रा में किसी भी राहुल गांधी शामिल हो सकते है।

### तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह 26 से

**जींद।** शैडो चिल्ड्रेन रिसर्च सेंटर फॉर थिएटर एंड टीवी और संस्कार भारती ईकाई जींद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह का आयोजन दीवान बाल कृष्ण रंगशाला जींद में 26 से 28 अप्रैल को किया जा रहा है। शैडो के सचिव इकबाल ने बताया कि यह जयंती समारोह का प्रथम उत्सव है। प्रथम दिन थिएटर फॉर थिएटर चंडीगढ़ द्वारा हिंदी नाटक एक और मीटिंग प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके नाटककार जयवर्धन हैं और निर्देशक करण चौहान हैं। दूसरे दिन हिंदी नाटक उदय प्रकाश सिन्हा की कहानी पर आधारित श्राम सजीवन की प्रेमकथा मीरा कल्चर सोसायटी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### शिविर में 32 युवाओं ने रक्तदान किया

**उचाना।** खटकड़ टोल प्लाजा पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। टोल प्लाजा मैनेजर कुलदीप ने बताया कि 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। टोल कर्मचारियों के अलावा आस-पास के गांव से भी युवा रक्तदान के लिए पहुंचे थे। सभी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस तरह के कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा ताकि लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित हो। रक्तदान जरूर करना चाहिए।

### हरियाणा कॉलेज यूजी एडमिशन प्रक्रिया 7 से

**जींद।** हरियाणा कॉलेज यूजी एडमिशन प्रक्रिया सात मई से शुरू होने जा रही है। जो विद्यार्थी बीए, बीकॉम, बीएएसी, बीसीए सहित अन्य कोर्सों में दाखिला लेना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि से पहले अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि हर वर्ष हजारों विद्यार्थी जानकारी के अभाव में अंतिम समय तक इंतजार करते हैं। जिससे उन्हें तकनीकी समस्याओं, दस्तावेजों की कमी और सीटों की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी छात्र व छात्राएं अपने जरूरी दस्तावेज तैयार रखें।

### विपक्ष के दावे हुए झूठे साबित : योगेश कसूहन

**उचाना।** युवा भाजपा नेता योगेश ने कहा कि गेहूं के सीजन में लगभग गेहूं की आवक मंडियों में हो चुकी है। विपक्ष भ्रामक प्रचार करके किसानों को बहकाने का काम कर रहा था कि गेहूं खरीद के नए नियमों के चलते किसान परेशान होंगे मंडियों के गेट पर लंबी लाइने लगेगी। फसल के सीजन में न तो नए नियमों के चलते गेट पर लाइनें लगी न ही किसान परेशान हुआ। दो से तीन मिनट में मंडी में गेहूं उतार कर किसान वापस खेत पहुंच रहा था। किसान, आढ़तियों को पहले भी विपक्ष ने मंडी खत्म होगी के भ्रामक प्रचार से बहकाने के काम किया था।

---

अक्षय तृतीया पर डिप्टी स्पीकर ने किया जींद-सफीदों रोड का शिलान्यास

# मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर : मिड्ढा

## 56 करोड़ से होगा 10 मीटर चौड़ी व 41 किमी. लंबी सड़क का नवीनीकरण

**शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नारियल फोड़ कर कार्य की शुरूआत करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। जींद हरियाणा का दिल है और इसे मजबूत व विकसित बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जींद-सफीदों रोड के नवीनीकरण का शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जींद के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। आज का दिन अत्यंत पवित्र और शुभ है। एक लंबे समय की बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य शुरू होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस परियोजना के तहत जींद से सफीदों तक 41 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसकी चौड़ाई करीब 10 मीटर होगी और इस पर लगभग 56 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह सड़क क्षेत्र के विकास को नई गति देगी। डा. मिड्ढा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ पेड़ों की कटाई होगी, उसके बदले में दोगुने पेड़ लगा कर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए सरकार द्वारा दूसरी जगह भूमि की व्यवस्था की जा चुकी है लेकिन अब सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो चुका है और इसको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के तहत शहर में सफीदों गेट से भगवान परशुराम चौक तक सीसी सड़क बनाई जाएगी। लाइट की व्यवस्था की जाएगी। जबकि आगे ब्लैक टॉप सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क को बनवाने के लिए लोगों की काफी लंबे समय से मांग थी, जिसको अब पूरा करवाया जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री का कहना है कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के विकास में जुटी हुई है। आज जींद जिला को नौ नेशनल हाइवे से जोड़ा जा चुका है। जहां इतने नेशनल हाईवे होंगें, वहां का विकास होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि देवीलाल चौक से रोहतक रोड बाईपास तक की सड़क को भी फोरलेन किया जाएगा। इसी प्रकार शहर के अंदर देवीलाल चौक से ठंडी हलवाई, एक रुपया चौक और रानी तालाब के आसपास जलभराव की समस्या को देखते इन सड़कों को भी वॉल टू वॉल विकसित किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इसके अलावा जींद के अन्य विकास कार्यों के लिए भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। जिसकी घोषणा उन्होंने अपने दौरे के दौरान की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के सम्मान के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाए गए हैं। जिससे महिलाओं को पुरुषों के बराबर स्थान मिल सके। आज समाज में बेटियों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है और लिंगानुपात में भी सुधार आया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे विकास कार्यों में जनसहयोग बेहद जरूरी है और सभी को मिल कर अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता राजकुमार नैन, नगर पार्षद राममेहर, बलवंत सिंह, अशोक गुलाटी, राकेश सेतिया, राकेश सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---


जींद पहुंचे पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का स्वागत करते हुए।

# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का किया स्वागत

## एडीसी टू गवर्नर पंजाब गौरव के घर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का रविवार को जींद आगमन हुआ। वे सड़क मार्ग से गुरुग्राम से जम्मू-कटरा राष्ट्रीय राजमार्ग होते जींद पहुंचे और डिफेंस कॉलोनी स्थित एडीसी टू गवर्नर पंजाब गौरव मलिक के निवास पर पहुंचे। महामहिम राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही। जींद पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा महामहिम राज्यपाल का स्वागत किया गया। एसडीएम सत्यवान मलिक ने उन्हें बुके भेंट कर अभिनंदन किया। इसके अलावा गौरव मलिक के पिता आजाद सिंह मलिक एवं उनकी माता सुरेंदर मलिक ने भी महामहिम राज्यपाल का पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया। महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने परिवार के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में समय व्यतीत किया तथा चाय पर अनौपचारिक बातचीत भी की। इस अवसर पर सीआरएसयू विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार प्रो. सीमा गुप्ता, डीएसपी रिषभ सोढ़ी, राजीव राठी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

### रग्बी टीम ने हासिल किया 9वां रैंक

**जींद।** जींद जिला रग्बी संघ के सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सीनियर महिला रग्बी प्रतियोगिता राजगीर बिहार के दूसरे दिन हरियाणा का मुकाबला 9-17 रैंकिंग के लिए छत्तीसगढ़ से हुआ। जिसमें हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 10-0 से हराया। अगला मैच हरियाणा ने कर्नाटक के खिलाफ खेला और मैच 12-0 से जीता। अंत में रैंक 9-10 के लिए हरियाणा ने झारखंड को 12-7 से हराकर प्रतियोगिता में 9वां रैंक हासिल किया। हरियाणा महिला टीम का अब तक का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इस से पहले टीम 17वें रैंक पर ही रही थी। इस बार के टूर्नामेंट में हरियाणा ने स्वर्ण पदक जीते वाली उड़ीसा टीम को सबसे कम स्कोर पर रोक कर रखा यह टीम की सबसे बड़ी सफलता रही है।

### स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : गर्ग

**लाडवा।** स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में एक भव्य यूरोलॉजी मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा व अनेक शिक्षण संस्थाओं के प्रधान पवन गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है, बल्कि उनका प्रभावी उपचार भी किया जा सकता है। कार्यक्रम में पीजीआई चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं यूनिट-2 के प्रमुख विभाग अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में रहे।


उचाना। पेड़ पर कसोरे में पानी डालते संदीप चहल। फोटो :हरिभूमि

### पक्षियों के लिए पेड़ों पर बांधे कसोरे

**उचाना।** हर रोज तापमान बढ़ रहा है। गर्म दिन शुरू हो गए है। इस मौसम में पक्षी प्यासे न रहे इसको लेकर समाज सेवी संदीप चहल हर साल अप्रैल माह में पेड़ों पर पक्षियों के लिए कसोरे बांधते है। इन कसोरे में वो हर रोज पानी डालते है ताकि प्यास लगने पर पक्षी पानी पी सकें। संदीप चहल ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि वो गर्मी के मौसम में अपने आस-पास के पेड़, मकान की छज्जे पर कसोरे जरूर पक्षियों के लिए बांधे। हर रोज इनमें पानी डाले ताकि पक्षी बढ़ रहे तापमान के चलते प्यास लगने पर अपनी प्यास को बुझे सकें। तापमान बढने पर पानी गर्म हो जाता है ऐसे में सुबह, शाम पानी कसोरे में भरे। इसको लेकर वो युवा संगठनों, सरपंचों से मिलकर हर गांव में तालाब किनारे जो पेड़ है वहां पर कसोरे बांधते है। कसोरे बांधने के बाद इनमें पानी डालने की जिम्मेदारी युवाओं को दी जाती है।

### सेवा भारती की बैठक संपन्न

**जींद।** सेवा भारती शाखा जींद की बैठक शाखा प्रधान सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसका उद्देश्य सेवा भारती जींद द्वारा जो केंद्र चलाए जा रहे उनके निरीक्षण करने के बाद जो कमियां या खामियां पाई जाएं, उन्हें यथासम्भव प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। छात्रावासों के लिए गेहूं के इंतजाम को लेकर प्लान अनुसार एकत्र करना व उसकी जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। सेवा भारती के पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया कि सेवा भारती के करनाल में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन बारे भी रूपरेखा तय की गई है। प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सदस्यों की जिम्मेदारी लगाई गई। प्रांतीय सम्मेलन में जिन छात्रों का चयन छात्रावास के लिए हुआ है उन्हें भी सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। नगर सामाजिक आयाम प्रमुख ललिता ने भी संस्था को आगे बढ़ाने के बारे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



जींद। सेवा भारती की मीटिंग में भाग लेते सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जींद। अभियान में भाग लेते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने देवीलाल चौक से हांसी रोड रेलवे फाटक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 461वें अभियान संस्था के वरिष्ठ साथी बीएसएफ से रिटायर्ड इंस्पेक्टर बलबीर ईगराह की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को आह्वान किया कि स्वच्छता के महत्व को हर किसी ने समझना चाहिए। हम सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। जब हम स्वच्छता के महत्व को समझेंगे तभी डस्टबिन का प्रयोग करेंगे। डस्टबिन का प्रयोग करने से ही स्वच्छता रह सकती है। कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए।

---


जींद। धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता।

### फसल खरीद नियमों का विरोध

**जींद।** मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने नए फसल खरीद नियमों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन का धरना रविवार को 12वें दिन भी जारी रहा। अध्यक्षा जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार और बारूराम ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष उमेद रेढू और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रतनमान के नेतृत्व में अन्य संगठनों के साथ हुई बैठक के बाद निर्णय लिया कि 20 अप्रैल को प्रदेशभर की सभी मंडियों में सेक्टरी कार्यालयों को सुबह 11 बजे से लेकर दो बजे तक बंद रखा जाएगा। यदि सरकार ने मंडियों में फसल खरीद के नए नियम वापस नहीं लिए तो 20 अप्रैल के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी और कड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने डीसी से मांग कि मंडियों से जल्द से जल्द गेहूं का उठान करवाया जाए ताकि किसानों के खाते में पैमेंट आ सके।

# स्वामी दयानंद सरस्वती को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

आर्य समाज शहर जींद के प्रांगण में आज साप्ताहिक वैदिक सत्संग एवं हवन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित सुरेश चंद्र शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ। यज्ञ में डा. रणबीर राठी आर्य एवं उनकी धर्मपत्नी उर्मिला आर्या, आनंद आर्य, आशीष राठी आर्य और वीना आर्या ने मुख्य यजमान के रूप में आहुतियां डाली। पुरोहित सुरेश चंद्र शास्त्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अंतःकरण की शुद्धि पर बल दिया। प्राणायाम के विभिन्न अभ्यासों का प्रदर्शन किया और विस्तार से बताया कि कैसे प्राणायाम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी अनिवार्य है। आर्य समाज शहर के प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने बताया कि यज्ञ के पश्चात भजन और प्रवचन का सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने स्वयं नमस्कार भगवान तुम्हे, भक्तों का बारंबार हो श्रद्धा रूपी भेंट हमारी, मंगलमय स्वीकार हो भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। डा. रणबीर राठी ने आर्य समाज की महत्ता बताते कहा कि यह संस्था विवेक, संस्कार और कर्म की कार्यशाला है। यहां ज्ञान की गंगा और स्वर्ग का सागर विद्यमान है। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती को याद करते कहा कि यदि स्वामी का आगमन न होता तो देश की दशा अत्यंत विकट होती।


उचाना। पीएम के देश के नाम संदेश को अपने आवास पर सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### विधायक ने सुना पीएम का संबोधन

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने आवास पर भाजपा महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को सुना। विधायक ने कहा कि जब नारी हित का प्रस्ताव संसद में गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसीऔर सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थी और मेजें थपथपा रहे थे। कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश में दरार पैदा करने वाली भावनाओं को हवा दी है। इसलिए ये झूठ फैलाया गया कि डी-लिमिटेशन या परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा। जबकि सरकार ने पहले दिन से स्पष्ट किया है कि न किसी राज्य की भागीदारी का अनुपात बदलेगा, न किसी का री-प्रेजेंटेशन कम होगा, बल्कि सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ेंगी। कांग्रेस महिला आरक्षण के विषय से ही नफरत करती है।

---

विधायक ने 1.85 करोड़ के चेक गोशाला कमेटियों को वितरित किए

# गोमाता की सेवा करना सबका दायित्व: अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। गोशाला समिति को चैक देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

उचाना हलके की 9 गोशालाओं में चारा एवं एक शैड के लिए 1 करोड़ 85 लाख रुपये से अधिक की राशि के चेक गोशाला समिति को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा अपने आवास पर वितरित किए गए। बाबा दूधाधारी हरिगिरी गौशाला उचाना कलां 260820, कृष्णा गौशाला नगूरां 1813320, गौशाला बाबा फुल्लू साध उचाना खुर्द 4748120, बाबा दलीप गिरी बड़ौदा 1978460, जय बाबा मंशानाथ गौशाला समिति छात्तर 2080120, जय बाबा धुनेवाला विकलांग गोशाला अलेवा 1402540, बाबा फुल्लू साध नंदीशाला एवीएम पंचज्ञान निर्माण समिति उचाना खुर्द 4954660, नंदीशाला सेवा समिति उचाना मंडी 635720, बाबा मिताई नाथ गौशाला अलीपुरा 176180, बाबा मिताई नाथ गौशाल अलीपुरा 676180 राशि के चैक वितरित किए। विधायक ने कहा कि हरियाणा प्रदेश पूरे देश में पहला ऐसा राज्य है जहां गौ-माता की सुरक्षा को लेकर सबसे सख्त कानून लागू किया गया है, जिसे विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया था। हमारी सरकार केवल कानून बनाकर ही नहीं रूकी बल्कि गोशालाओं में रह रहे पशुओं के भरण-पोषण के लिए भी ठोस व्यवस्था की गई है। 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार हरियाणा में गौ सेवा आयोग का गठन किया। जिससे गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण को संस्थागत मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि नंदी के लिए 25 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये, बछड़े के लिए 10 रुपये प्रतिदिन की दर से सहायता राशि निर्धारित की गई है। यह राशि 3 से 4 महीने के अंतराल में गोशालाओं को चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। प्रदेश में इस बार पंजीकृत गोशालाओं के लिए लगभग 70 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जिससे हजारों गोवंश को सीधा लाभ मिलेगा। गाय की सेवा करना हमारा सब का दायित्व बनता है। जितना हो सकें गोशालाओं में गाय की सेवा करने के साथ सहयोग भी करना चाहिए।



जींद। कैंप में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### 37 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

**जींद।** भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा द्वारा निशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जांच शिविर डा. अनिता नरूला चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा की गई। इस जांच शिविर में महिलाओं में हो जाने वाले स्तन कैंसर को जांचा। शाखा के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने बताया कि इस जांच शिविर में शहर की तकरीबन 37 से अधिक महिलाओं की जांच की गई। शाखा सचिव परमवीर सिंह ने बताया कि भूतेश्वर शाखा जींद ने अनेक तरह के मेडिकल शिविरों द्वारा शहरवासियों की स्वास्थ्य की चिंता करती है। इस शिविर के प्रकल्प प्रमुख डा. प्रमोद बंसल द्वारा जांच टीम की व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा जींद जनहित के विभिन्न सेवा प्रकल्पों द्वारा शहर में कार्य कर रही है। शाखा अध्यक्ष अतुल गर्ग, शाखा सचिव परमवीर सिंह, शाखा कोषाध्यक्ष केशव गर्ग, शाखा महिला प्रमुख नीतू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



कैथल। जेब से पैसे चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने जेब से पैसे चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव काकौत निवासी जोरा सिंह की शिकायत अनुसार 1 अप्रैल को वह सिविल अस्पताल कैथल में अपने परिचित के ऑपरेशन के संबंध में डॉक्टर के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 5250 रुपये चोरी कर लिए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया।

### 8.11 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस ने एक आरोपी को 8.11 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार अपनी टीम के साथ गश्त व अपराध रोकथाम के लिए गोपाल गौशाला कैथल के पास मौजूद थे। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित की और मौके पर गुरमुख को काबू कर लिया गया। डीएसपी बीर भान के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के पास से 8.11 ग्राम स्मैक (चिट्टा) बरामद हुई।

### कलायत में 26 को होगा नायक सभा का चुनाव

**कलायत।** अखिल भारतीय नायक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव 26 अप्रैल को कलायत में होगा। इसके लिए रेलवे रोड स्थित डा.भीम राव अंबेडकर भवन को चुनाव मतदान केंद्र बनाया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव व प्रदेश कोषाध्यक्ष पदों पर पदाधिकारी चुने जाएंगे। हरियाणा प्रदेश के नायक समाज की तरफ से इन रिक्त पदों को सर्वसम्मति से भरने की कवायद लगातार जारी है। सभा के पूर्व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रेस प्रवक्ता रामकुमार नायक ने बताया कि संगठन में सक्रिय रहने वाले समाज के लोग इसमें हिस्सा लेंगे।

## हैफेड व एचडब्ल्यूसी एजेंसियों ने किया 64000 क्विंटल का उठान

# राजौंद मंडी में गेहूं की खरीद जारी उठान में तेजी की जरूरत: ओम प्रकाश

**क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में हुई 5,20,859 क्विंटल गेहूं की खरीद**

1. जाखोली मंडी में उठान प्रतिशत रहा सबसे बेहतर
2. सेरधा मंडी में खरीद जारी, उठान प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी
3. राजौंद मंडी में हुआ 28000 क्विंटल का उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक इन दिनों चरम पर है और खरीद प्रक्रिया लगातार सुचारू रूप से जारी है। मंडी समिति द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार क्षेत्र की विभिन्न मंडियों में कुल 5,20,859 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसके मुकाबले अब तक 1,29,500 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया है, जबकि 3,91,359 क्विंटल गेहूं मंडियों में अभी भी पड़ा हुआ है। कुल मिलाकर औसत उठान प्रतिशत 24.86% दर्ज किया गया है। मंडीवार आंकड़ों पर नजर डालें तो राजौंद मंडी में 1,83,976 क्विंटल खरीद के मुकाबले 28,000 क्विंटल उठान हुआ है। वहीं किठाना मंडी में हाफेड और एचएसडब्ल्यूसी एजेंसियों द्वारा मिलाकर 2 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से लगभग 64,000 क्विंटल का उठान किया गया है। जाखोली मंडी में उठान प्रतिशत सबसे बेहतर रहा है। इसके अलावा सेरधा मंडी में भी खरीद जारी है, लेकिन वहां उठान की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि मंडियों में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है और खरीद कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उठान की प्रक्रिया भी निरंतर जारी है, लेकिन बढ़ती आवक के कारण कुछ स्थानों पर स्टॉक अधिक दिखाई दे रहा है। सचिव ओम प्रकाश ने आगे बताया कि संबंधित एजेंसियों को उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।



राजौंद। उठान न होने के कारण मंडी में लगे गेहूं के कट्टों के अंबार।

### उठान प्रक्रिया में किया जाएगा सुधार

किसानों का कहना है कि यदि उठान की गति और तेज की जाए तो मंडियों में जगह की समस्या से बचा जा सकता है और उन्हें अपनी फसल बेचने में सुविधा मिलेगी। इस पर सचिव ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही उठान प्रक्रिया में और सुधार किया जाएगा।

### पाई व करोडा मंडी में लदान न होने से किसानों का भुगतान रुका

**पाई।** पाई व करोड़ की अनाज मंडी में लदान का कार्य न होने के कारण किसानों की फसल की पेमेंट रुकी हुई है। मार्केट कमेटी के अनुसार पाई अनाज मंडी में आज तक 3075 क्विंटल गेट पास के साथ 217646 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से हरियाणा वेयरहाउस द्वारा 49683 क्विंटल तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 97106 क्विंटल कुल 146789 क्विंटल की खरीद हो चुकी है जबकि लगभग 70 हजार क्विंटल गेहूं बिना बिका पड़ा हुआ है। खरीदे गए माल में से हरियाणा वेयरहाउस ने 6% के हिसाब से लगभग 2800 क्विंटल, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 40% के साथ 39257 क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है, जबकि करोड़ा अनाज मंडी में 1622 गेट पास के साथ 110518 क्विंटल की आवाक हुई है, जिसमें से वेयरहाउस द्वारा 28968 एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 62230 कुंतल यानी कुल 91198 क्विंटल गेहूं के खरीद हो चुकी है। जिसमें से हरियाणा वेयरहाउस में 17% के साथ 5004 क्विंटल तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 16% के साथ 9701 क्विंटल गेहूं का उठान किया गया। मंडी में इस समय 84% खरीदा हुआ गेहूं लदान के अभाव में मंडी में पड़ा हुआ है। जिससे किसानों की गेहूं की फसल की अदायगी रुकी हुई है। मंडी के आढतियों व किसानों ने खरीद एजेंसी से अपील की कि उठान के कार्य में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को उनकी जरूरत अनुसार समय पर उनकी फसल की पेमेंट मिल सके।



कैथल। पाई की अनाज मंडी में पड़ा गेहूं ।

### जिले में हुई 5 लाख 32 हजार 512 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**गेहूं के अवशेषों में न जलाएं किसानः उपायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा बुधवार तक कुल 5 लाख 32 हजार 512 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से एक लाख 88 हजार 510 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, दो लाख 23 हजार 752 हैफेड द्वारा तथा एक लाख 20 हजार 250 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है।

उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 6241 मीट्रिक टन, अरनोली मंडी में 5095 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 18136 मीट्रिक टन, बडसिकरी खुर्द में 10033 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 3049 मीट्रिक टन, बालू मंडी में 9712 मीट्रिक टन, बरटा मंडी में 6750 मीट्रिक टन, बाउपुर में 1199 मीट्रिक टन, भागल में 5650 मीट्रिक टन, भुसला में 4945 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 37078 मीट्रिक टन, चीका अतिरिक्त मंडी 54091 मीट्रिक टन, डीग मंडी में 2428 मीट्रिक टन, धनोरी में 6777 मीट्रिक टन, फर्श माजरा में 3000 मीट्रिक टन, गोहरा में 7003 मीट्रिक टन, गुहणा में 1659 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 6241 मीट्रिक टन, जाखोली मंडी में 7335 मीट्रिक टन, कैलरम में 3845 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 6751 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसके तरह कैथल नई अनाज मंडी में 47129 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 56340 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 45657 मीट्रिक टन, कमहेड़ी में 1325 मीट्रिक टन, कांगथली में 6766 मीट्रिक टन, करोड़ा में 9346 मीट्रिक टन, क्योड़क मंडी में 6138 मीट्रिक टन, किठाना में 20787 मीट्रिक टन, पाडला में 5613 मीट्रिक टन, पाई में 14457 मीट्रिक टन, पूंडरी मंडी में 7367 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 17925 मीट्रिक टन, रामथली मंडी में 17116 मीट्रिक टन, रसीना में 6044 मीट्रिक टन, सजूमा मंडी में 2308 मीट्रिक टन, सांगण में 5600 मीट्रिक टन, सेरधा में 5456 मीट्रिक टन, सीवन में 16179 मीट्रिक टन, सोलू माजरा साइलो में 33341 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई।

## नरडांचल स्कूल में अश्वनी चहल ने किया सीबीएसई दसवीं में टॉप

**97.6 अंकों के साथ बढाया स्कूल का मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हाल ही में सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए 10वीं के परीक्षा परिणाम में नरडांचल स्कूल नरड की दसवीं की छात्रा अश्वनी चहल ने लगन और मेहनत से 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर माता पिता तथा स्कूल का मान बढाने का काम किया है। इसके अलावा नियती द्वितीय तथा शिवानी तीसरे स्थान पर रही।

छात्रा को स्कूल के प्रबंध निदेशक सुरेश नैन, प्रधानाचार्या सीमा रानी व अन्य अध्यापकों द्वारा सम्मानित किया गया। सीमा रानी ने बताया कि पिछले साल की भांति इस बार भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा अधिकतर विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। अश्वनी चहल ने इसका श्रेय उनके माता पिता जयभगवान और कमलेश देवी तथा अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। अश्वनी चहल ने बताया कि उनके एमडी व अन्य अध्यापकों द्वारा कदम कदम पर उनका मार्गदर्शन व हौसला बढाया है। इसके साथ ही उसने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। अश्वनी ने बताया कि वह प्रतिदिन स्कूल समय के अलावा निर्धारित तरीके से 4 से 5 घंटे अतिरिक्त पढाई करती थी। उसे पूरा विश्वास था कि वह जरूर अच्छे अंक हासिल करेगी। उसने बताया कि यदि छात्राओं को स्कूल व परिवार का सही माहौल मिले तो आज बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं। अश्वनी चहल ने बताया कि उसका सपना एक उच्च अधिकारी बनकर अपने माता पिता का नाम रोशन करना है।



कैथल। अश्वनी चहल अपने माता पिता के साथ।

### 21 को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेगे कर्मचारी

**सीवन।** नगर के स्कूल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नंद लाल रहेजा ने की, जबकि संचालन बाबूराम गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में लक्ष्मण कामरा और पूरन सिंह सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि पेंशनरों की प्रमुख मांगों को लेकर 21 अप्रैल को उपायुक्त कैथल के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए सभी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 21 अप्रैल को पूरे देश में प्रदर्शन किए जाएंगे और उसी दिन जिला स्तर पर ज्ञापन दिए जाएंगे।

## एससी-बीसी एकता मंच ने की शहर में महापुरुषों के चौकों के सौंदर्यीकरण की मांग

**1 से 31 मई तक चलाया जाएगा सदस्यता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खुराना रोड स्थित वार्ड नंबर 3 में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन व गुरु रविदास मंदिर में एससी-बीसी एकता मंच की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रधान जगदीश मैहरा ने की। जबकि संचालन सुरेश लोधर ने किया। मंच के संस्थापक दलबीर राठी ने बैठक में कहा कि शहर में महापुरुषों के नाम पर बने चौकों की हालत खराब है और उनका जल्द सौंदर्यीकरण कराया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस संबंध में नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग से मिलकर मांग रखी जाए। बैठक के बाद मंच के सदस्य चेयरपर्सन सुरभि गर्ग व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग से उनके निवास पर मिले। उन्होंने आश्वासन दिया कि महर्षि वाल्मीकि चौक, विश्वकर्मा चौक व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का जल्द सौंदर्यीकरण कराया जाएगा और इस कार्य की शुरुआत शीघ्र की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एससी-बीसी एकता मंच द्वारा 1 से 31 मई 2026 तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। समाज के इच्छुक लोग संगठन से जुड़कर सदस्य बन सकते हैं।



कैथल। खुराना रोड स्थित वार्ड नंबर 3 में बैठक में राज्य संयोजक दलबीर राठी व अन्य ।



कैथल। सीवन में जनता की समस्याएं सुनते विधायक देवेंद्र हंस। फोटो : हरिभूमि

### महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ का प्रयास : विधायक

**सीवन।** विधायक देवेंद्र हंस ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े हालिया संवैधानिक संशोधन विधेयक के गिरने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। देवेंद्र हंस सीवन में जनता की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इसे भाजपा सरकार की नीतिगत विफलता बताते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक एक ऐतिहासिक कदम था, जिसे कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने समर्थन दिया था। उनके अनुसार, यह कानून महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल थी, लेकिन सरकार ने इसे लागू करने के लिए कोई ठोस योजना या समयबद्ध रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया।

### नशा तस्करी के मामले में 2 ट्रक चालक काबू

**कैथल।** पुलिस ने 2 अलग अलग मामलो में ट्रक में नशा तस्करी कर रहे 2 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से कुल 27 किलो 640 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले मामले में एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में 18/19 अप्रैल की मध्य रात्रि को एएसआई जगभान की टीम गश्त व अपराध रोकथाम के उद्देश्य से कैथल से पुंडरी, मोहना होते हुए एनएच-152डी पर मौजूद थी। जहां पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की एक ट्रक हाईवे किनारे खड़ा है, जिसमें बैठा व्यक्ति नशीला पदार्थ चूरा पोस्त का सेवन कर रहा है और उसके पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ मौजूद है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेज में दो लाख की मांग को लेकर 27 वर्षीय विवाहिता को दो दिन तक कमरे में भूखा प्यासा बंद रखने तथा गर्भपात करवाने का मामला सामने आया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी फरवरी 2022 में नसीब नामक युवक के साथ रीति रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य से बढकर दान दहेज भी दिया थ। शादी के कुछ समय बाद ही उसके ससुराल वालें ने उसे दहेज की लिए परेशान करना शुरू कर दिया। उसका पति उसे ताने मारने लगा कि वह कुछ नहीं लेकर आई है। आरोपी पति ने अपने भांजे को विदेश भेजने के लिए उस पर घर से 2 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया। विवाहिता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति के गांव की ही एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं, जिस कारण उसका पति बार-बार उसे मारपीट करता था। शादी के बाद वह दो बार गर्भवती हुई, लेकिन ससुरालियों ने सलाह करके दोनों बार उसका गर्भपात करवा दिया। आरोप है कि लाठी और डंडों के साथ उसके साथ मारपीट की गई तथा दो दिनों तक कमरे में बंद करके भूखा प्यासा रखा। बाद में उसे घर से निकाल दिया। उसने पास की झुग्गियों में जाकर अपनी जान बचाई।

### अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण की मांग तेज

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के सभी अतिथि अध्यापकों को जल्द नियमित करने की मांग उठाई है। संगठन के नेताओं का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के 17 अप्रैल के अहम फैसले अनुसार हरियाणा सरकार की 16 व 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों को वैध करार दिया गया है। राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन सुखदर्शन सरोहा ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत सभी अतिथि अध्यापक इन नीतियों की शर्तें पूरी करते है।



### यूजीसी टॉपर आकाश ढुल का भव्य स्वागत

**राजौंद।** जिले के होनहार छात्र आकाश ढुल द्वारा यूजीसी परीक्षा में पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस शानदार उपलब्धि पर जाट समाज द्वारा आकाश ढुल का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जाट समाज जिला प्रधान सुभाष बढ़सीकरी और पवन ढुल एडवोकेट के निवास स्थान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आकाश ढुल को फूल-मालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी इस उपलब्धि को पूरे समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। वक्ताओं ने कहा कि आकाश ढुल ने अपनी मेहनत, लगन और अपने माता-पिता के आशीर्वाद से यह मुकाम हासिल किया है। जिला प्रधान ने कहा कि आज के समय में शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और आकाश ढुल जैसे छात्र समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।



कैथल। जाट समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

**शिविर** स्वर्गीय मुख्तार सिंह की पुण्य स्मृति में लगाया जांच शिविर

# नि:शुल्क आई कैंप में 227 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

- 52 के होंगे फ्री ऑपरेशन, 65 को मिलेंगे चश्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव प्रेमपुरा में सरपंच द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए गांव में बुजुर्गों के लिए निशुल्क आई (नेत्र जांच) कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह द्वारा अपने पिता स्वर्गीय मुख्तार सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ सरपंच परविंद्र कौर तथा उनके बड़े भाई रणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रेमपुरा के अलावा रामपुरा, कक्योर, माजरा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विशेष रूप से बुजुर्ग महिला-पुरुषों ने इस कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे दिन चले इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 227 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप में मौजूद डॉक्टरों की टीम ने सभी मरीजों की बारीकी से जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाइयां निशुल्क उपलब्ध करवाईं। जांच के दौरान 52 मरीज ऐसे चिन्हित किए गए, जिनकी आंखों का ऑपरेशन आवश्यक पाया गया। इन मरीजों का गर्ग हॉस्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।



कैथल। कैंप में पहुंचे ग्रामीण तथा जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर बने आवश्यकता

सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय मुख्तार सिंह हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहते थे और उनकी स्मृति में इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए ऐसे कैंप अत्यंत जरूरी हैं, ताकि लोगों को गांव में ही बेहतर उपचार मिल सके। ग्रामीणों ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह तथा उनके परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे निशुल्क कैंप उनके लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं, जिससे उन्हें शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती और समय व धन दोनों की बचत होती है। कैंप के दौरान पूर्व सरपंच बलजिंद्र सिंह मुल्तानी, एडवोकेट विक्रम सिंह मुल्तानी, दीदार सिंह, गुरजीत सिंह, जीवन सिंह, सूबेदार सुखदेव सिंह, दलेर सिंह, निशान सिंह, निरंजन सिंह, जगतार सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 22 अप्रैल तक बढ़ाई गई फायर कर्मचारियों की हड़ताल, आंदोलन करेंगे तेज : राजेंद्र सिणद

- नगर पालिका कर्मचारी संघ 20 व 21 अप्रैल को करेगा काले बिल्ले लगाकर शहरो मे रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मचारी रणवीर सिंह व भविष्यचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने,उनके आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपये आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने,5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू करने,पे-रोल व कौशल निगम के दमकल कर्मचारियों को विभाग के सर्जित पदों पर समायोजित कर सामान काम समान वेतन देने, नियमित कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में गृह जिला देने तथा ड्यूटी के दौरान घायल कर्मचारियों को गंभीर स्थिति में विशेष अवकाश प्रदान करने जैसी मांगों को लेकर दमकल कर्मचारियों ने कैथल मुख्य दमकल केंद्र पर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। लगातार बारहवें दिन की हड़ताल की अध्यक्षता जिला प्रधान शमशेर सिंह ने की व संचालन जिला सचिव जशमेर ने किया। सिणद ने बताया कि किसानों की गेहूं की फसल तैयार है और फायर कर्मचारी लगातार 12 दिन से हड़ताल पर बैठे हैं सरकार कर्मचारियों की मांगों के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।



कैथल। धरना देकर नारेबाजी करते दमकल कर्मचारी ।

## गांव फरल व ब्राह्मण समाज कल्याण समिति पूंडरी के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# भगवान परशुराम ने समाज को अन्याय के विरुद्ध लड़ने की दिखाई राह : जिंदल



पूंडरी। सांसद नवीन जिंदल को स्मृति चिन्ह देते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

■ पूंडरी में पाई रोड पर भगवान परशुराम के नाम पर चौक स्थापित किया जाएगा : सतपाल जाम्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज को अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की राह दिखाई उनके दिए सिद्धांतों को जीवन में अपना कर इंसान सदैव तरक्की कर सकता है। सांसद नवीन जिन्दल गांव फरल तथा ब्राह्मण समाज कल्याण समिति पूंडरी द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार महापुरुषों की जयंती के कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर मनाकर सभी वर्गों को पूरा मान सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि कैथल में भगवान परशुराम के नाम पर लगभग 1000 करोड रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। इस संस्थान के बनने से प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा तथा शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में नहीं क्रांति आएगी। इस वर्ष के अंत तक इस काम के पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने फरल में ब्राह्मण समाज को 21 लाख रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की। सांसद जिन्दल ने कहा कि ब्राह्मण समाज का आशीर्वाद सदैव उन पर रहा है। उनका कोई भी कार्य ब्राह्मणों द्वारा करवाई जाने वाली पूजा से ही शुरू होता है। ब्राह्मण समाज कल्याण समिति पूंडरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने समिति को 11 लाख रुपए शौचालय के निर्माण के लिए देने की घोषणा की और आश्वासन दिया कि जो भी आवश्यकता समाज को होगी, वे सदैव साथ खड़े हैं। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने घोषणा करते हुए कहा कि पूंडरी में पाई रोड पर भगवान परशुराम के नाम पर चौक स्थापित किया जाएगा। साथ ही एक पार्क भी भगवान परशुराम के नाम पर बनेगा। उन्होंने बताया कि ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के हाल के लिए 47 लाख रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। जल्द ही इसे अप्रूवल दिलाकर यहां निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। गांव फरल में विधायक जांबा ने ब्राह्मण समाज को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। ब्राह्मण समाज ने सांसद नवीन जिन्दल को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## शिव मंदिर में उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा किया इसका आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने की। उन्होंने कहा कि विश्व ड्ढूषहदु परिषद का लक्ष्य भारतीय संस्कृति एवं समाज से जुड़ी परंपराओं को मजबूती प्रदान करा है। इस लक्ष्य को लेकर संगठन द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करने का सिलसिला जारी रहता है। इसी के तहत भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी-कार्यकर्ता व 36 बिरादरी के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से भाजपा जिला सचिव अजय प्रताप राणा, साहित्यकार निशीकांत शर्मा, प्रवीण शांडिल्य, पूर्व पार्षद आर.एस धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, पार्षद कुमारी रेणू धानियां, पार्षद प्रदीप राणा, पार्षद प्रीत जगदेव, पार्षद अमित वाल्मीकि, पार्षद विनोद जेष्ट, डा.प्रियव्रत, कृष्ण ढुल बढसीकरी, राजीव शर्मा, राजा राम, सज्जन कुमार, दयानंद अत्री, रामपाल निर्मल, बंशीधर पोलस्त, लोकेश शर्मा, रणबीर शास्त्री, सुधांशु निर्मल, सुरेश निर्मल, ध्रुव, शिवम, लाजपत राय सिंगला व हरिओम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर पुजारी अनिरूद्ध गौतम ने श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर पुजारी लोकेश शास्त्री के साथ धार्मिक परंपरओं का निर्वहन करवाया। निशीकांत शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैशाख माह शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ था। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। ये तिथि भगवान परशुराम के जन्म से लेकर गंगा के धरती पर आने और कृष्ण-सुदामा के मिलन तक से जुड़ी है। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने की वजह से ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। शास्त्रों में 8 चिरंजीव बताए गए हैं जिनमें परशुराम अष्टचिरंजीवियों में से एक हैं। अनिरुद्ध शास्त्री ने कहा कि मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से विदा होकर धरती पर आई थीं। गंगा को धरती पर उतारने के लिए राजा भगीरथ ने हजारों वर्षों तक तपस्या की थी।



कलायत। श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में भगवान परशुराम को वंदन करते मुख्य एवं विशिष्ट मेहमान व श्रद्धालु।

## पराक्रम व सनातन के साक्षात विग्रह हैं भगवान परशुरामः आचार्य पवन

■ माता वैष्णवी धाम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते हुए आचार्य पवन शर्मा।

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि परशु प्रतीक है पराक्रम का और राम पर्याय है सनातन का। अर्थात भगवान परशुराम पराक्रम व सनातन के साक्षात विग्रह हैं व जिनका चरित्र आज के परिपेक्ष्य में सर्वाधिक प्रासांगिक व अनुकरणीय है। आचार्य पवन शर्मा रविवार को शक्ति व भक्ति के प्रतीक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाज के लब्ध प्रतिष्ठितजनों ने भगवान श्री परशुराम के चरणावृंद में अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। आचार्य ने कहा कि अधर्म का उन्मूलन व धर्म का संस्थापन एक ही रथ के दो पहिये हैं। दोनों का समन्वय बने रहने से सृष्टि का संतुलन भी ठीक रहता है। इसलिए धर्म रक्षा हेतु इन दोनों की बराबर जरूरत है। आचार्य ने कहा कि सामान्यतः भगवान परशुराम के क्रोध की चर्चा बार-बार होती रहती है किंतु उसके कारणों की खोज बहुत कम हुई है। क्रोध वह वर्जित है जो स्वार्थ अथवा अहंकार की तुष्टि के लिए किया जाए। अन्याय के विरूद्ध क्रुद्ध होना तो मानवता का लक्षण है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की यह स्पष्ट मान्यता थी कि विनम्रता व ज्ञान से सज्जनों को और प्रतिरोध व दंड से दुष्टों को जीता जा सकता है। आचार्य ने कहा कि भगवान परशुराम को केवल ब्राह्मणों का देवता बना कर हम लोगों ने उनके प्रभाव व सम्मान को सीमित कर दिया है। जबकि वे तो भगवान विष्णु के अवतार हैं, उन्हें अमरत्व प्राप्त है। उन्होंने न केवल समाज को एक नई दिशा प्रदान की है अपितु उसे असामाजिक तत्वों से भी मुक्त कराया है। उनके प्रति सच्ची पुष्पांजलि यही होगी कि उनके चरित्र का समावेश हम अपने जीवन में करने का भरपूर प्रयत्न करें।

## भगवान परशुराम ज्ञान और पराक्रम के प्रतीक : रघुबीर शर्मा

उचाना। ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। पं. नेकीराम विचार मंच एवं ब्राह्मण धर्मशाला कार्यकारिणी द्वारा इसका आयोजन किया। अध्यक्षता प्रधान पं. रघुवीर शर्मा ने की। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने भगवान परशुराम की फोटो पर पुष्प अर्पित किए। यहां पर सुख, समृद्धि की कामना के लिए हवन किया। हवन में मुख्य यजमान संजीव एवं उनकी पत्नी गीता, दिनेश शर्मा एवं उनकी पत्नी सुमन रहे। हवन के बाद भंडारे का आयोजन भी किया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रघुबीर शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ज्ञान और पराक्रम के प्रतीक है। वो शस्त्र, शास्त्रों के परम ज्ञाता, धर्म व नीति की प्रतिमूर्ति थे। इस मौके पर ब्राह्मण चौबीसी प्रधास अनिल शर्मा, खेड़ा खाप प्रधान सतबीर कसूहन, ओमप्रकाश थुआ, रिछपाल काब्रच्छा, दिनेश पालवां, देशराज खरकभूरा, चंद्रपाल शर्मा, सेवा सिंह, सुरेश सफा खेड़ी, सज्जन शास्त्री, सत्यवान शर्मा मौजूद रहे।




## भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा से मनाई



नरवाना। भगवान परशुराम जयंती आज नरवाना के परशुराम मंदिर में बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। जहां आज सुबह से ही भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। सुबह सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर एक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और यज्ञ में आहुति डाली तथा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण किया उसके पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आदित्य शर्मा वकील ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है और सभी ने मिल कर आज भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर यज्ञ के आयोजन पर एकता का परिचय देते हुए भगवान परशुराम का जय घोष किया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर श्री ब्राह्मण सभा द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना की। जिला ब्राह्मण सभा प्रधान धर्मवीर पिंडारा ने बताया कि भारत की सनातन परंपरा में वैशाख शुक्ल तृतीया का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। देशभर में भक्तजन पूजा, अर्चना, हवन और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से उन्हें नमन करते हैं। परशुराम जयंती केवल एक धार्मिक पर्व ही नही बल्कि सत्य, साहस और धर्म की स्थापना के संदेश को स्मरण करने का अवसर भी है। भगवान परशुराम हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देते हैं। भगवान परशुराम अतुलनीय पराक्रम और विवेक के प्रतीक हैं। इसलिए आज हवन के बाद भगवान परशुराम के मंदिर में उनकी पूजा अर्चना भी की गई। इस दौरान मुख्य रूप से जिला ब्राह्मण सभा प्रधान धर्मवीर पिंडारा, महासचिव डा. भारत भूषण, हर्षवर्धन अत्री, जयनारायण शास्त्री, पवन पौड़ी, मास्टर बलवान, रमेश मुद्गिल, लेखराज, कृष्ण शर्मा, महावीर शर्मा, ओम प्रकाश पटवारी, तेलुराम शर्मा एवं ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



जींद। हवन में आहूति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आदिकाल से ही गोसेवा और गोपूजा का महत्वपूर्ण स्थान रहा : बेदी

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहाकि सनातन में आदिकाल से ही गौसेवा और गौपूजा का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इसी मूल आदर्श की पालना करते हुए राज्य सरकार ने गौ संवर्धन तथा गौसेवा आयोग का गठन किया है। आयोग का उद्देश्य प्रदेश में गौ संवर्धन को बढ़ावा देना और उन्हें सुरक्षित जीवन प्रदान करना है और यह जिम्मेदारी सरकार द्वारा बखूबी निभाई जा रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस नरवाना में गौशाला संचालक समितियों से मुलाकात करते हुए यह विचार व्यक्त किये। मौके पर कैबिनेट मंत्री ने श्री कृष्णा गौशाला समिति बरटा को 2 लाख 92 हजार 560 रुपए तथा जय बाबा खाकनाथ गौशाला समिति कोयल को एक लाख 39 हजार 380 रुपये के चेक भी वितरित किये। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्थापित गौशालाओं का सही रूप से संचालन हो। सरकार द्वारा प्रदेश में गौ हत्या पर भी प्रतिबंध को शक्ति से लागू किया गया है। गौवंश की सुरक्षा संवर्धन और संरक्षण सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री ने गौशाला संचालकों से भी अनुरोध किया कि वे सरकार द्वारा प्रदान की जा रही राशि का ईमानदारी के साथ सदुपयोग करें ताकि सही अर्थों में गौसेवा गौपूजा और गौसुरक्षा की परिकल्पना साकार हो सके।

## संतुलित उर्वरक उपयोग बेहतर उत्पादन की कुंजी : डॉ. धीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने कहा कि हरियाणा देश के प्रमुख कृषि राज्यों में शामिल है। जहां गेहूं, धान फसल प्रणाली ने उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है लेकिन निरंतर अधिक उत्पादन लेने की होड़ में उर्वरकों के असंतुलित उपयोग, विशेषकर नाइट्रोजन (यूरिया) के अत्यधिक प्रयोग ने मिट्टी की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। वर्तमान में राज्य में एनरूपीरूके नाइट्रोजन फॉस्फोरस, पोटाश का अनुपात काफी असंतुलित हो चुका है। इस असंतुलन के कारण मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे जिंक, आयरन, सल्फर आदि की कमी तेजी से बढ़ रही है। जिसके परिणामस्वरूप फसलों की वृद्धि प्रभावित होती है, उत्पादन स्थिर या घटता है और किसानों की लागत बढ़ जाती है। हरियाणा में किए गए विभिन्न मृदा परीक्षणों से यह भी सामने आया है कि अधिकांश खेतों में जैविक कार्बन की मात्रा 0.5 प्रतिशत से कम रह गई है। जो मिट्टी की गुणवत्ता के लिए चिंताजनक है। संतुलित उर्वरक उपयोग का अर्थ है कि किसान अपनी फसल की आवश्यकता और मिट्टी की जांच के आधार पर सभी आवश्यक पोषक तत्वों का उचित मात्रा, उचित समय और उचित विधि से प्रयोग करें। सही उर्वरक, सही मात्रा, सही समय और सही विधि के रूप में भी जाना जाता है।

## जिले में गेहूं खरीद व उठान कार्य जारी : उपायुक्त

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है और विभिन्न सरकारी एजेंसियां पूरी तत्परता के साथ किसानों की फसल खरीद रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद, उठान, गेट पास और बारदाना से जुड़ी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिससे पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और तेज बनी रहे। उन्होंने कहा कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि मंडियों में अनाज का अनावश्यक जमाव न हो और किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत न आए। साथ ही मंडियों में साफ.-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपनी गेहूं की फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लाएं, जिससे खरीद प्रक्रिया में तेजी बनी रहे और गुणवत्ता संबंधी कोई समस्या न हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अबतक जिले में कुल चार लाख 56 हजार 818 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 13 हजार 782 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा दो लाख 14 हजार 956 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 2 हजार 032 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा 1 लाख 26 हजार 048 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है।

## मखंड गांव में हुई अस्मिता रोइंग लीग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



अस्मिता के निमित्त गांव मखंड में अस्मिता रोइंग जींद सिटी लीग आयोजित हुई। विभिन्न जिलों से खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने लीग में पहुंच कर खिलाडियों का हौंसला बढ़ाया। विभिन्न जिलों से 120 खिलाड़ी पहुंचे थे। पीएम नरेंद्र मोदी के मिशन अस्मिता के तहत ये आयोजन किया गया ताकि लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिले। नहर पर रोइंग खेल के चार इवेंट में चार-चार टीमों ने भाग लिया। सिंगल में पलक चहल, डबल इवेंट में मन्नत एवं रिया की जोड़ी, पेयर इवेंट में तमन्ना एवं रिया की जोड़ी एवं क्वाडर सकल इवेंट में संगीता, नैना, संध्या एवं डोली ने गोल्ड मैडल प्राप्त किए। खिलाड़ियों ने रोइंग प्रतियोगिता में जीत के लिए खूब संघर्ष किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार की खेलो इंडिया योजना ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदेश में 21 खेलो इंडिया सेंटर स्थापित किए हैं, जिससे प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर कर सामने आ रहे है। यह पहल न केवल खेलों को बढ़ावा दे रही है बल्कि युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल को विकसित करने का भी अवसर प्रदान कर रही है। बेटी आज शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी क्षेत्र, प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। प्रतिभाओं की कमी प्रदेश में नहीं है। हमारी होनहार बेटियों पर हमें गर्व है। इस मौके पर सूबेदार चांद चहल, सूबेदार बिजेंद्र सिंह, सूबेदार राजीव शर्मा, दीपक, नेत्रपाल, संदीप चहल, सुरेंद्र खरकभूरा, श्रवण मांडी, रमेश राणा, प्रमोद पालवां, देव मंगलपुर, पंकज कापड़ो मौजूद रहे।

## एथलेटिक्स एवं स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. नफे सिंह खटकड़

उचाना। पानीपत के गीता विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्थिरता कॉन्क्लेव एवं पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना के चेयरमैन डॉ. नफे सिंह खटकड़ को एथलेटिक्स एवं स्पोर्टस डेवलपमेंट अॅवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण पहुंचे थे। गीता विश्वविद्यालय चेयरमैन एसपी बंसल भी इस दौरान मौजूद रहे। प्रिंसिपल प्रोमिला मलिक ने बताया कि 18 अप्रैल को पानीपत में आयोजन हुआ था। उचाना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि एथलेटिक्स एवं स्पोर्टस डेवलपमेंट अॅवार्ड से स्कूल को सम्मानित किया है। निरंतर शिक्षा, खेल के क्षेत्र में स्कूल ने अलग पहचान बनाई है। इसका श्रेय विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉफ को जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

स्वास्थ्य | जिले में दस हजार 619 किशोरियों को लगाई जानी है वैक्सीन, अब तक सौ को ही लगी

# एचपीवी वैक्सीन अभियान को गति देने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की कवायद रंग ला रही है। पहले जहां केवल 13 किशोरियों को ही एचपीवी वैक्सीन लगी थी वहीं अब रविवार को जिलाभर में चलाए गए एचपीवी वैक्सीन ड्राइव के तहत सौ किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई है। हालांकि जिला में दस हजार 619 किशोरियों को वैक्सीन लगाई जानी है। जींद में ये अभियान 28 फरवरी को शुरू किया था। इस अभियान के अंतर्गत ऐसी किशोरियां, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, टीकाकरण के लिए पात्र हैं। स्वास्थ्य विभाग पूरा प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक किशोरियों को यह एचपीवी वैक्सीन लगाई जाए ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सके। सरकारी अस्पतालों में निशुल्क टीकाकरण है जोकि निजी अस्पतालों में करीब 5 से 10 हजार कीमत पर उपलब्ध है।



जींद। वैक्सीन लगाते हुए स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य विभाग का स्कूलों पर रहेगा फोक्स

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक व अर्बन नोडल अधिकारी डा. विशाल सांगवान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में एचपीवी वैक्सीन लाभार्थी किशोरियों की पहचान कर ली गई है। इनकी संख्या कुल 10619 है। हालांकि अबतक सौ किशोरियों को ही यह वैक्सीन लगी है। अब स्कूलों में शैक्षणिक सत्र के दौरान स्वास्थ्य विभाग जागरूकता कैंप का आयोजन करेगा। बाकायदा स्कूलों में आने वाले अभिभावकों व छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव एवं रोकथाम की जानकारी दी जाएगी।

### जिलेभर में चलाया गया एचपीवी वैक्सीन ड्राइव

सिविल सर्जन के निर्देशानुसार जिलेभर में एचपीवी वैक्सीनेशन ड्राइव का आयोजन रविवार को किया गया। अभियान का सुपरविजन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संदीप मलिक एवं अर्बन नोडल अधिकारी डा. विशाल सांगवान द्वारा स्वयं फील्ड में जाकर किया गया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने आमजन को बताया कि समय रहते वैक्सीनेशन करवाना इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम सीएचसी खरक रामजी भी पहुंची। जहां पर लोगों को जागरूक करते हुए वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों में काफी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बढ़.चढ़कर इस अभियान में भाग लिया। विशेष रूप से जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा की पुत्री वृंदा ने भी खरकरामजी पहुंच कर एचपीवी वैक्सीन लगवाई। अभीतक जिले में लगभग 100 एचपीवी वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। जो इस अभियान की सकारात्मक शुरुआत को दर्शाता है।